राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। शुक्रवार • 26 नवम्बर • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

आसान रहा 10वीं का आईटी का प्रश्नपत्र

सीबीएसई परीक्षा

नई दिल्ली (एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दसवीं के परीक्षार्थियों ने बृहस्पतिवार को इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी) का पेपर दिया। पहली बार ऑब्जेक्टिव टाइप पेपर को लेकर पहले छात्र थोड़े डरे और आशंकित थे, लेकिन पेपर आसान होने के चलते उनका यह भय भी चला गया। पहली बार बोर्ड द्वारा दो टर्म की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें पहले टर्म की परीक्षा ऑब्जेटिक्व टाइप प्रश्नों की है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की आईटी विषय की सब्जेक्ट एक्सपर्ट मेधा नागपाल ने बताया कि पेपर काफी आसान था। हमने सैम्पल पेपर कराया था और क्वेश्यन बैंक बनाया था और उसी में से प्रश्न आए। प्रश्न पत्र नए सीबीएसई पैटर्न पर आधारित था। पेपर में कुल 33 प्रश्न थे, लेकिन कुल 25 प्रश्न आए। प्रत्येक प्रश्न के सही जवाब के लिए 1 अंक निर्धारित था। जबकि बाकी 25 अंक का प्रैक्टिकल है, जो स्कूल में हो चुका है। बाकी 50 अंकों का पेपर दूसरे टर्म की परीक्षा में होगा। परीक्षार्थी तारुषी, अथर्व, अपर्णा और आंचल ने बताया कि पेपर आसान था। पहले ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्नों को लेकर थोड़ा डर इस कारण था कि यदि एक भी प्रश्न का जवाब गलत चयन कर लिया तो नंबर कट जाएंगे लेकिन पेपर आसान होने के चलते अब सारा डर चला गया।